दिन– गुरुवार दिनांक– 30 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने प्रचार में झोंकी पूरी ताकत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुजफ्फरपुर और छपरा में एनडीए की चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

02. महागठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद ने संभाला मोर्चा। अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में आज बारह चुनावी सभाएं करेंगे।

03. गया के टेकारी विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी और निवर्तमान विधायक अनिल कुमार पर चुनाव प्रचार के दौरान असामाजिक तत्वों ने किया जानलेवा हमला।

04. और, चक्रवाती तूफान **'मोंथा'** के प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, वैशाली, कैमूर समेत अठारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट।

---

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जैसे–जैसे पहले चरण का चुनाव नजदीक आ रहा है। विभिन्न दलों के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप तेज हो गया है। एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता कई जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री दूसरी बार आज बिहार आ रहे हैं। इधर, भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज चुनाव प्रचार के दूसरे दिन लखीसराय, मुंगेर के तारापुर, नालंदा के हिलसा और तथा पटना में पालीगंज में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बक्सर के ब्रह्मपुर और पटना के बिक्रम में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के नेता और मुख्यमंत्री पद केउम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूरे चुनाव प्रचार की बागडोर संभाल रखी है आज श्री यादव मधेपुरा दरभंगा और मुजफ्फरपुर में दस सभाओं को संबोधित करेंगे। जन सुराज पार्टी, जनशक्ति जनता दल, बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों के नेता भी लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय के मटिहानी, निकसपुर, मुंगेर के जमालपुर और शेखपुरा के घाटकुसुम्भा में चुनावी सभाएं करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज नालंदा के नूरसराय और शेखपुरा के बरबिघा

में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य पटना में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की आज सीमांचल में तीन जनसभाओं का कार्यक्रम है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा के पहले चरण के तहत एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान छह नवंबर को होगा। वहीं, दूसरे चरण के लिए ग्यारह नवम्बर को वोट डाले जायेंगे।

---

प्रधानमंत्री श्री मोदी दो नवम्बर को भोजपुर के आरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी इसी दिन पटना में रोड शो करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के पटना आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

–––बाईट–––

---

लोजपा, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये गये बयान की निंदा की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के प्रधानमंत्री को लेकर अमर्यादित बयान पर बिहार की जनता उन्हें करारा जवाब देगी।

–––बाईट–––

इधर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी राहुल गांधी की टिप्पणी को अशोभनिय बताया है। रोहतास के डेहरी में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सैनी ने कहा कि राहुल गांधी के पास बोलने के लिए अब कुछ नहीं है, इसलिए देश की जनता उनकी बातों पर ध्यान नहीं देती है।

---

भाजपा की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि बिहार में किसी भी प्रकार का जंगलराज नहीं चलेगा। दानापुर में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में रोड शो करते हुये श्रीमती गुप्ता ने कहा कि बिहार को विकास चाहिए।

–––बाईट–––

श्रीमती गुप्ता ने महागठबंधन के घोषणापत्र को डपोरशंख बताते हुये कहा कि जिन लोगों ने जानवारों का चारा तक नहीं छोड़ा वो लोगों को क्या देंगे। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने कहा है कि महागठबंधन के घोषणापत्र से भाजपा की नींद उड़ गई है इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं।

———बाईट———

---

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कटिहार के बरारी विधानसभा क्षेत्र के सेमापुर और कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र के फलका में कांग्रेस प्रत्याशी तौकीर आलम और पूनम पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में श्री प्रतापगढ़ी ने लोगों से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की।

———बाईट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्णियां के धमदाहा विधानसभा क्षेत्र के बिशनपुर खेल मैदान में एनडीए प्रत्याशी लेसी सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है और विकास की गति को निरंतर आगे बढ़ाया है।

---

रोहतास जिले के बिक्रमगंज में भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी महाबली सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि मतदाता प्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर वोट करे।

---

गया के टेकारी विधानसभा सीट से हम प्रत्याशी और निर्वतमान विधायक अनिल कुमार पर चुनाव प्रचार के दौरान असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री कुमार कोंच थाना क्षेत्र के दीघौरा पंचायत में जनसम्पर्क कर रहे थे तभी अज्ञात लोगों ने उनपर हमला कर दिया। अपराधियों ने फायरिंग भी की। गया के एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि मामले में नौ लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। अन्य की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच दूरियां अभी भी बनी हुई हैं। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने कांग्रेस पार्टी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव गिरिशचन्द्र शर्मा ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि बेगूसराय के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में तय फॉर्मूले के बावजूद कांग्रेस ने भाकपा प्रत्याशी के विरूद्ध अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भाकपा

उम्मीदवार के मैदान से हट जाने का भ्रम भी फैला रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि इसके बावजूद उनकी पार्टी महागठबंधन की जीत के लिए साथ खड़ी है।

---

प्रसिद्ध अभिनेत्री और बिहार स्वीप आईकॉन नीतू चन्द्रा ने मतदाताओं, खासकर महिला मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है।

–––बाईट–––

---

अररिया जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए पब्लिक स्कूल के फैसिलिटेशन केंद्र में उनतीस अक्टूबर से एक नवंबर तक डाक मतपत्र द्वारा मतदान किया जा रहा है।

---

समस्तीपुर के जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने स्वीप आइकॉन कुंदन कुमार द्वारा तैयार किये गये मिथिला चित्रकला से सुसज्जित 'स्वीप' लोगो भी जारी किया।

---

मधुबनी जिला प्रशासन विभिन्न विधनसबा क्षेत्रों में चित्रकला के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चला रहा है।

---

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह आज पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। पटना हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह उन्हें शपथ दिलायेंगे। न्यायाधीश संजय कुमार सिंह इलाहाबाद हाई कोर्ट से स्थानांतरित होकर पटना आए हैं।

---

बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न चक्रवाती तूफान **'मोंथा'** के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर आज भी बादल छाये हुये हैं और रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक मोंथा के प्रभाव से आंधी और बारिश की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा और सुपौल में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर, सहरसा, मधुबनी, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और शिवहर में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं।

–––बाईट–––

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– बिहार में सीएम पद की कोई वैकेंसी नहीं।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार चुनाव में पैंतीस से अधिक सीटों पर बागी बिगाड़ रहे दोनों प्रमुख गठबंधनों के समीकरण।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–पटना में होम वोटिंग शुरू। आज भी होगी वोटिंग।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– आपत्तिजनक पोस्ट पर इक्कीस प्राथमिकी। चार यूट्यूट चैनलों पर भी कार्रवाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने प्रचार में झोंकी पूरी ताकत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुजफ्फरपुर और छपरा में एनडीए की चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

02. महागठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद ने संभाला मोर्चा। अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में आज बारह चुनावी सभाएं करेंगे।

03. गया के टेकारी विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी और निवर्तमान विधायक अनिल कुमार पर चुनाव प्रचार के दौरान असामाजिक तत्वों ने किया जानलेवा हमला।

04. और, चक्रवाती तूफान **'मोंथा'** के प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, वैशाली, कैमूर समेत अठारह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।